उत्तर प्रदेश पुलिस होगी अब हाईटेक

चर्चा में क्यों?

27 अक्टूबर, 2022 को मीडिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 650 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर अब उत्तर प्रदेश पुलिस को हाईटेक किया जा एगा।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश पुलिस को हाईटेक करने की दिशा में जल्द ही इसे बॉडी वार्न कैमरा और फुल बॉडी प्रोटेक्टर से लैस किया जाएगा।
- गृह विभाग ने पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत 1200 बॉडी वार्न कैमरा खरीदने के लिये 4.8 करोड़ रुपए और 1650 फुल बॉडी प्रोटेक्टर फॉर वीमेन की खरीद के लिये 2.48 करोड़ रुपए तथा 30 हज़ार पोस्टमार्टम किट खरीदने के लिये छह करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है
- प्रदेश के 10 ज़िलों में करीब 641 करोड़ रुपए खर्च कर उच्चीकृत सोशल मीडिया मॉनीटरिंग सेल की स्थापना होने वाली है। इसी तरह 10 अन्य ज़िलों में लॉ एंड ऑर्डर के लिये क्यूआरटी की स्थापना की जाएगी।
- इसके अलावा 75 करोड़ रुपए की लागत से एसआईटी, ईओडब्ल्यू, सीबीसीआईडी और एसीओ के जाँच और विवेचना के लिये एक डेडिकेटेड एफएसएल की स्थापना की जाएगी। कन्नौज में डेडिकेटेड मिनी टेक्निकल लैब विकसित की जा रही है।
- एनसीआरबी की ओर से विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप को पहले चरण में मुज़फ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरू किया गया है तथा प्रदेश के अन्य ज़िलों में भी इसे लागू करने के लिये कार्य योजना तैयार की गई है। इसके लिये तकनीकी सेवा मुख्यालय ने पूरी प्रक्रिया हेतु तकनीकी समिति गठित की है।
- विदित है कि प्रदेश के सभी 1531 थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना हो चुकी है। प्रदेश के सभी 18 परिक्षेत्रीय साइबर थानों के प्रशासनिक भवन निर्माण संबंधी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है तथा सात परिक्षेत्रीय साइबर थानों वाराणसी, झाँसी, बस्ती, अलीगढ़, आज़मगढ़, गोरखपुर और बाँदा के लिये कार्यदायी संस्था नामित कर दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-police-will-now-be-hi-tech